नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 शटडाउन खत्म करने अड़चनें कई


6 सोशल मीडिया कमाई का नया जरिया


7 वित्त मंत्री ने किया बजट-पूर्व विचार विमर्श


8 ज्वेरेव की शेल्टन पर जीत से शानदार शुरुआत

## एक नजर में



### आज से दो दिनी भूटान यात्रा पर पीएम मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार से दो दिन भूटान यात्रा पर रहेंगे. इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक एक हजार बीस मेगावाट क्षमता वाली पुनात्सांगछू-II हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना का उद्घाटन करेंगे. यह परियोजना भारत और भूटान ने संयुक्त रूप से विकसित की है. इसी के साथ पीएम भूटान के चौथे नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक की 70वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल होंगे और प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से भी मुलाकात करेंगे. वे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव में भाग लेंगे और थिम्पू के ताशिछोद्ज़ोंग में पवित्र अवशेषों की पूजा-अर्चना करेंगे.

### बिहार में दूसरे चरण के लिए आज होगा मतदान

**पटना,** बिहार में दूसरे और अंतिम चरण के 122 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार मतदान होगा. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में 45399 मतदान केंद्र पर तीन करोड़ 70 लाख लोग मतदान करेंगे और 1302 प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला करेंगे. मतदान का सामान्य समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा. सुरक्षा कारणों से कटोरिया (सुरक्षित) के 121 मतदान केंद्रों, बेलहर के 140, चैनपुर, चेनारी (सुरक्षित) के 62, गोह के 25, नवीनगर के 26, कुटुंबा (सुरक्षित) के 169, औरंगाबाद के 57, रफीगंज के 125, गुरूआ के 12, शेरघाटी के 48, इमामगंज (सुरक्षित) के 361, बाराचट्टी (सुरक्षित) के 36 और बोधगया (सुरक्षित) के 20 मतदान केंद्रों, रजौली (सुरक्षित), गोविंदपुर और जमुई जिले की सभी चार सीटें सिकंदरा (सुरक्षित), जमुई, झाझा और चकाई में मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही चलेगा.




# कार धमाके में 11 की मौत

**6.55** में दिल्ली के लाल किले के पास हुआ धमाका | **24** लोग हुए विस्फोट में घायल | **04** राज्यों में धमाके के बाद हाई अलर्ट पर | **06** गाड़ियों के विस्फोट में उड़े परखच्चे

**नई दिल्ली, 10 नवंबर. दिल्ली में लाल किले के पास इको वैन में जोरदार धमाका हुआ है, जिसके बाद यहां अफरा-तफरी मच गई है. धमाके में दस लोगों की मौत हो गई है, जबकि 24 लोगों के घायल होने की खबर है. घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है. मृतकों के शव लोक नारायण जयप्रकाश अस्पातल में ले जाया गया है. मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है. यह धमाका हाई इंटेंसिटी का था.**

धमाके के बाद पूरी दिल्ली, मुंबई, यूपी और हरियाणा में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है, जिस तरह के हालात अभी हो गए हैं, उससे यह भी प्रतीत होता है कि यह बड़ी साजिश भी हो सकती हैं. एनआईए की टीम मौके पर भेजी गई. धमाका इतना तेज था कि 5-6 गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए. फायर ब्रिगेड के पास धमाके की सूचना पर मौके पर आई और आग बुझाई. दिल्ली पुलिस, फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे.



लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के प्रबंधन ने कहा कि विस्फोट के बाद 15 घायलों को अस्पताल लाया जा चुका है, उनमें से दस की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई. तीन गंभीर रूप से घायल हैं. एक की हालत स्थिर है.

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह से की बात:** दिल्ली में धमाके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की. पीएम ने दिल्ली में हुए धमाकों के बाद स्थिति का जायजा लिया.

> **यूपी के सभी जिलों में हाई अलर्ट**
> दिल्ली में रेड फोर्ट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए धमाके के बाद उत्तर प्रदेश को अलर्ट पर रखा गया है. उत्तर प्रदेश में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों, संवेदनशील जिलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है. लखनऊ से आदेश जारी कर संवेदनशील इलाकों में गश्त और जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं.

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी साजिश नाकाम

- 7 गिरफ्तार, 2900 किलो विस्फोटक बरामद
- 10 अक्टूबर को शहर में धमकी भरे पोस्टर लगाए थे

**श्रीनगर, 10 नवंबर. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है. यह नेटवर्क प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था.**

पुलिस ने इस कार्रवाई में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें आरिफ निसार डार, यासिर-उल-अशरफ, मकसूद अहमद डार, मौलवी इरफान, जमीर अहमद अहंगर, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. अदील शामिल हैं.

पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है. इनमें एक चाइनीज पिस्टल और कारतूस, एक बेरेटा पिस्तौल और कारतूस, एक एके-56 और कारतूस, एक एके क्रिंकॉफ राइफल और कारतूस और 2,900 किलो आईईडी मटेरियल शामिल हैं. पुलिस जांच में पता चला है कि यह गिरोह विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था और एनक्रिप्टेड चैनलों के जरिए फंडिंग, भर्ती और लॉजिस्टिक सपोर्ट का काम किया जा रहा था. आतंकियों ने सोशल मीडिया और एजुकेशनल नेटवर्क्स के जरिए फंड जुटाने की व्यवस्था बनाई थी, जिससे शक न हो. यह पूरा नेटवर्क 'व्हाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम' के रूप में काम कर रहा था, जिसमें कुछ पेशेवर और छात्र भी शामिल थे. इस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा तब हुआ जब 19 अक्टूबर को नौगाम, श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टर लगाए गए थे.



> **लखनऊ की महिला डॉक्टर आतंकी कनेक्शन में गिरफ्तार**
> लखनऊ की एक महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को आतंकी मॉड्यूल के कनेक्शन में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है. शाहीन पर पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े होने के आरोप हैं. फिलहाल उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है.

# लाड़ली बहनों को कल से 1500 रुपए

## कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगाई मुहर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 नवंबर. प्रदेश की लाड़ली बहनों को इसी माह से 1500 रुपये की सौगात मिलेगी. पिछले माह तक बहनों की लाड़नी बहना योजना के तहत 1250 रुपये दिये जा रहे थे, लेकिन अब इस माह से इसमें 250 रुपये बढ़ जाएंगे. अब हर माह बढ़ी हुई राशि मिलेगी.**

कैबिनेट ने सोमवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. योजना के तहत लगभग एक करोड़ 26 लाख से अधिक बहनों के खाते में राशि अंतरित करने के लिये सिवनी में 12 नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंगल क्लिक से राशि अंतरित करेंगे. कैबिनेट के इस निर्णय से राज्य सरकार पर मौजूदा वित्तीय वर्ष में 1793 करोड़ 75 लाख रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा. बढ़ी हुई राशि देने से इस वित्तीय वर्ष में योजना पर होने वाला खर्च भी बढ़कर 20450 करोड़ 99 लाख रुपये हो जाएगा. ये योजना मार्च 2023 से शुरू की गई थी, तब प्रतिमाह एक हजार रुपये दिये जा रहे थे, वहीं सितंबर 2023 में विधानसभा चुनाव से पहले इसे बढ़ाकर 1250 रुपये कर दिया गया था. ये योजना विधानसभा चुनाव से पहले गेम चेंजर योजना साबित हुई थी, जिसका फायदा भाजपा को विधानसभा चुनाव के दौरान मिला था. यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले माह ही प्रदेश की बहनों को 250 रुपये भाई-दूज के मौके पर देने की बात कही गई थी, लेकिन यह राशि नहीं दी जा सकी थी. आखिरकार अब बहनों को हर माह 1500 रुपये देने का रास्ता साफ हो गया है. प्रदेश के ओंकारेश्वर में बन रहे अद्वैत लोक की निर्माण लागत बढ़ गई है.



> प्रदेश में अब सभी सरकारी भवनों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगेंगे. यानी ये भवन अब सोलर की बिजली से रोशन होंगे. कैबिनेट ने रेस्को पद्धति से रूफटॉप संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. सबसे बड़ी बात ये कि सरकारी विभागों को इस परियोजना के लिये कोई निवेश नहीं करना होगा. ये निजी भागीदारी पर आधारित होगा. जो वेंडर संयंत्र लगाएगा, उसे प्रति यूनिट के हिसाब से भुगतान करना होगा. संभावना जताई जा रही है कि ये बिजली कंपनियों द्वारा दी जाने वाली बिजली से सस्ती होगी. ये संयंत्र 25 वर्ष के लिये स्थापित किये जाएंगे.

# रीवा से दिल्ली महज 2 घंटे में होगी हवाई यात्रा

## सीएम यादव ने वीसी के माध्यम से किया रीवा-नई दिल्ली विमान सेवा का शुभारंभ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 नवंबर. अब प्रदेश के रीवा से दिल्ली दूर नहीं है. पहले रीवा से दिल्ली पहुंचने में रेल से 15 घंटे तक का समय लगता था, लेकिन अब विमान सेवा शुरू होने से महज दो घंटे में ही दिल्ली पहुंचा जा सकेगा. सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा- दिल्ली-रीवा विमान सेवा का शुभारंभ किया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य वाले भी गर्व से कह सकेंगे कि अब दिल्ली दूर नहीं है.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विमान सेवा खनिज-उद्योग गतिविधियों, धार्मिक स्थल और नेशनल पार्क सबके लिए वरदान सिद्ध होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां शारदा भवानी की कृपा से विंध्य को यह सौगात मिली है, यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल ही रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था. क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए बिजली की गति से काम करते हुए आज रीवा-दिल्ली के बीच हवाई सेवा शुरू हो गई है. राज्य सरकार ने रीवा को प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर से जोड़ने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया है.




> **अलायंस एयर संचालित करेगा रीवा-दिल्ली विमान सेवा**
> रीवा-दिल्ली हवाई सेवा मध्यप्रदेश विमानन नीति-2025 के तहत वीजीएफ प्रावधानों से वित्त पोषित है. यह हवाई सेवा अलायंस एयर द्वारा संचालित की जाएगी. रीवा हवाई अड्डे का उद्घाटन वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था. यह अब 3सी-आईएफआर श्रेणी के हवाई अड्डों में शामिल है, जिससे रात्रिकालीन विमान संचालन भी संभव हो सकेगा. विमानन विभाग ने प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर अलायंस एयर को रीवा-दिल्ली हवाई सेवा के संचालन के लिए लेटर ऑफ अवार्ड सौंपा था.

# महिला आरक्षण याचिका पर केंद्र को नोटिस

**नयी दिल्ली, 10 नवंबर. उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जबाब मांगा। इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान है।**

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है, लेकिन इस मामले में आगे बढ़ने से पहले केंद्र सरकार से जवाब मांगा जा रहा है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, प्रस्तावना राजनीतिक और सामाजिक समानता की बात करती है। इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? महिलाएं हैं, लगभग 48 प्रतिशत। यह महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है। यह जनहित याचिका कांग्रेस नेता डॉ. जया ठाकुर द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने न्यायालय से आग्रह किया है कि वह किसी नए परिसीमन की प्रक्रिया का इंतज़ार किए बगैर महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने का निर्देश दे । नए परिसीमन की प्रक्रिया वर्तमान में कानून में एक पूर्व शर्त है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने दलील दी कि आजादी के 75 साल बाद भी महिलाएं कानून बनाने वाली संस्थाओं में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं।

> वरिष्ठ अधिवक्ता गुप्ता ने तर्क दिया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें प्रतिनिधित्व के लिए न्यायालय का रुख करना पड़ रहा है। उन्हें केवल एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने की आवश्यकता है। वे पहले ही आंकड़ों के आधार पर आरक्षण के सिद्धांत पर सहमत हो चुकी हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है। न्यायालय ने कहा, अधिनियम को लागू करना कार्यपालिका का काम है।

